PendulumEdu







करेंट अफेयर्स

20-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**20th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 20 नवंबर 2019

## 1. जलियाँवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक संशोधन विधेयक संसद में पारित किया गया

- जलियाँवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक संशोधन विधेयक संसद में पारित किया गया है।
- लोकसभा इस बिल को पिछले सत्र में ही पारित कर चुकी थी।
- अब राज्यसभा के द्वारा भी इसे पारित कर दिया गया है।
- इस विधेयक के द्वारा जलियाँवाला बाग स्मारक अधिनियम 1951 में संशोधन किया गया है।
- इस विधेयक में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष को न्यासी के पद से हटाने का प्रावधान है।
- साथ ही विधेयक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि लोकसभा में विपक्ष का कोई नेता नहीं होगा तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को न्यासी बनाया जाएगा।
- यहाँ सरकार की मंशा स्मारक बनाने की है ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों का बलिदान याद रहे।

## 2. दक्षिण एशिया सुरक्षा सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन नई दिल्ली में किया गया

- हाल ही में दक्षिण एशिया सुरक्षा सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन **नई दिल्ली** में किया गया।
- इस अवसर पर **महिला और बाल विकास मंत्री– स्मृति ईरानी** ने महिलाओं और बच्चों को उनके घरों में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।
- महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार के तीन लाख से भी ज्यादा केस दर्ज हैं।
- इस प्रकार की हिंसा को रोकने के लिए सरकार के द्वारा मुहल्लों में ही शिकायत दर्ज करने के लिए केन्द्र बनाए जा रहे हैं।

- इस वर्ष के अंत तक प्रत्येक जिले में इस प्रकार का कम से कम एक केन्द्र अवश्य काम करने लगेगा।

## 3. सरकार ने स्पष्ट किया की अनुच्छेद 371 के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों में किसी भी प्रकार के बदलाव का कोई प्रस्ताव नही

- **ग्रह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी** ने स्पष्ट किया की अनुच्छेद 371 के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों में किसी भी प्रकार के बदलाव का कोई प्रस्ताव नही है।
- अर्थात् महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड, असम मणिपुर, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, सिक्किम, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश और गोवा आदि राज्यों से जुड़े अनुच्छेद 371(A) से अनुच्छेद 371(I) तक कोई भी परिवर्तन नहीं किया जाएगा।
- अनुच्छेद 371 के तहत महाराष्ट्र व गुजरात राज्यों के लिये प्रावधान है।
- अनुच्छेद 371A, नागालैण्ड से सम्बन्धित है।
- अनुच्छेद 371B, असम व मेघालय से संबधित ।
- अनुच्छेद 371C में 1972 में बने मणिपुर के लिए प्रावधान है।
- अनुच्छेद 371D आन्ध्रप्रदेश व तेलंगाना से सामुहिक रूप में जुड़ा है। तो 371 E मात्र आन्ध्र प्रदेश से।
- अनुच्छेद 371– F, G का सम्बन्ध क्रमशः सिक्किम व मिजोरम राज्यों से है तो 371– H, J में क्रमशः अरूणाचल प्रदेश व कर्नाटक के लिए विशेष कानून है।
- अनुच्छेद 371– I, में गोवा के लिए विशेष कानून है।

## 4. नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले–'सरस' का उद्घाटन किया गया

- नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले–'सरस' का उद्घाटन **ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर** के द्वारा किया गया।
- 'सरस'– यह एक ब्राण्ड है जिसे **ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा** स्वयं सहायता समहों के उत्पादों को बेचने के लिए बनाया गया है।
- इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि स्वयं सहायता समहों (SHGs) के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का सशक्तिकरण सरकार की प्रथम प्राथमिकताओं में से एक है।

- ज्ञातव्य है कि 7 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समहों की सदस्य बन चुकी हैं।
- सरकार का लक्ष्य इस संख्या को 10 करोड़ करना है।

## 5. लग्जरी रेलगाड़ी 'गोल्डन चैरियट' का परिचालन आई आर सी टी सी (IRCTC) के द्वारा अगले वर्ष मार्च से किया जाएगा

- आई आर सी टी सी (IRCTC) के द्वारा अगले वर्ष मार्च से लग्जरी रेलगाड़ी 'गोल्डन चैरियट' का परिचालन किया जाएगा।
- इस आशय की प्राप्ति के लिए रेल राज्यमंत्री सुरेश अंगड़ी और कर्नाटक के पर्यटन मंत्री सी टी रवि ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- इस समझौते के द्वारा दक्षिण भारत में रेल परिवहन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।
- 2008 में शुरू की गई गोल्डन चैरियट आधुनिक सुविधाओं से लैस ट्रेन है। इसमें 84 अतिथियों को एक साथ ले जाने की व्यवस्था है।
- गोल्डन चैरियट रेल **गोवा, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु** राज्यों से गुजरती है। साथ ही यह रेल यूनैस्को विश्व विरासत स्थल **हम्पी के भी दर्शन** करवाती है।

## 6. एशियाई विकास बैंक (ADB) के द्वारा विजयनगर चैनल के विकास के लिए 91 मिलियन अमेरिकी डॉलर का श्रृण दिया जाएगा

- एशियाई विकास बैंक (ADB) के द्वारा विजयनगर चैनल, सिंचाई प्रणाली को आधुनिक बनाने और कृष्णा नदी बेसिन में प्रबंधन योजनाओं को तैयार करने के लिए 91 मिलियन अमेरिकी डॉलर का श्रृण दिया जाएगा।
- इसके द्वारा सिंचाई जल उपयोग दक्षता में सुधार होगा। साथ ही यह कर्नाटक में सतत् जल आपूर्ति करने में मददगार साबित होगा।
- एशियाई विकास बैंक (ADB) की स्थापना 19 दिसम्बर 1966 को की गई थी।
- इसका मुख्यालय **मनीला, फिलीपींस** में है।

- इसका विकास विश्व बैंक की तर्ज पर एशियाई क्षेत्र के विकास के लिए किया गया है।

## 7. ISA 'स्टील कॉनक्लेव–2019' का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा

- भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय द्वारा समर्थित इंडियन स्टील एसोसिएशन (ISA) के द्वारा 'स्टील कॉनक्लेव–2019' का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।
- इस अवसर पर केन्द्रीय इस्पात मंत्री **श्री धर्मेन्द्र प्रधान** मुख्य अतिथि होगें।
- इस कॉनक्लेव में स्टील उद्योग के भारतीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य पर विचार विमर्श किया जाएगा।
- 2018 में **भारत** कच्चे इस्पात उत्पादन में जापान को पीछे छोड़ते हुये विश्व का **दूसरा सबसे बड़ा देश** बन गया है।
- जबकि चीन अपनी **पहली रैंक** पर बना हुआ है।

## 8. सेरोगेसी नियमन विधेयक–2019 राज्यसभा में बहस के लिए पेश किया गया।

- सेरोगेसी नियमन विधेयक–2019 राज्यसभा में विचार और पारित करने के लिए पेश किया गया।
- इस विधेयक के द्वारा **सेरोगेसी के व्यवसायिक उपयोग को** रोकने का प्रावधान किया जाएगा। परंतु **निस्वार्थ सेरोगेसी** की अनुमति होगी।
- साथ ही इस विधेयक के द्वारा राष्ट्रीय सेरोगेसी बोर्ड और राज्य सेरोगेसी बोर्ड की स्थापना का प्रावधान किया जाएगा।
- इस विधेयक के द्वारा किराये पर कोख देने वाली माताओं और उनसे उत्पन्न बच्चों के शोषण को रोकने में मदद मिलेगी।

## 9. डी आर डी ओ (DRDO) के द्वारा अस्त्र मिसाइल की रेंज दुगनी करने का प्रयास किया जाएगा

- हाल ही में डी आर डी ओ (DRDO) के प्रमुख श्री जी सतिश रेड्डी ने यह घोषणा की है कि अस्त्र मिसाइल की रेंज दुगनी करने का प्रयास किया जाएगा।
- **हवा से हवा में मार** करने वाली अस्त्र बैलेस्टिक मिसाइल **हर मौसम में कारगर है।**
- इसका विकास पूर्णरूप से भारतीय रक्षा अनुसंधान संस्थान (DRDO) के द्वारा किया गया है।
- वर्तमान में इसकी मारक क्षमता लगभग 110 किमी. है।
- इसे सुखोई–30 MKI के द्वारा लॉन्च किया जाता है।

## 10. मेघालय के उग्रवादी संगठन हिनीवट्रेप नेशनल लिब्रेशन काउंसिल (HNLC) पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया

- हाल ही में केन्द्र सरकार ने मेघालय के उग्रवादी संगठन हिनीवट्रेप नेशनल लिब्रेशन काउंसिल (HNLC) पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- केन्द्र सरकार ने इस संगठन की गतिविधियों को देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा बताते हुए यह कदम उठाया है।
- मेघालय में सक्रिय यह संगठन खासी और जयंतिया आदिवासी लोगों का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसका उद्देश्य मेघालय को गारो और भारत की मुख्य भूमि के लोगों के वर्चस्व से मुक्त कराना है।

**समसामयिक प्रश्नोत्तर**

1. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत सिक्किम के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं?

a. अनुच्छेद 371– D

b. अनुच्छेद 371– E

c. अनुच्छेद 371– F

d. अनुच्छेद 371– G

उत्तर– c

2. लग्जरी रेलगाड़ी गोल्डन चैरियट निम्नलिखित में से किस राज्य से नही गुजरती है?

a. तमिलनाडु

b. गोवा

c. केरल

d. महाराष्ट्र

उत्तर– d

3. विजयनगर चैनल सिंचाई व्यवस्था निम्नलिखित में से किस राज्य में है?

a. कर्नाटक

b. आंध्र प्रदेश

c. केरल

d. तेलंगाना

उत्तर– a

4. कच्चे इस्पात के उत्पादन में भारत का स्थान कौन सा है?

a. पहला

b. दूसरा

c. तीसरा

d. चौथा

उत्तर– b

5. हाल ही में चर्चा में रहने वाला अस्त्र क्या है?

a. कम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल

b. अधिक दूरी की सतह से सतह में मार करने वाली मिसाइल

c. हवा से हवा में मार करने वाली बैलेस्टिक मिसाइल

d. एंटी टैंक बैलेस्टिक मिसाइल

उत्तर– c

Read Daily Current Affairs 19 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 19 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 20 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

